## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की बैठक संपन्न

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने आगामी 3 दिवस में ग्राम पौंड़ी भवरदा, जनपद पंचायत मोहगांव के ग्राम खैरी माल तथा जनपद पंचायत घुघरी के ग्राम पंचायत पाण्डकला के ग्राम सैलवारा के प्रस्ताव में संशोधन करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, सहायक आयुक्त एसी ट्रायबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 12 सितंबर को

**मण्डला।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 12 सितंबर दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, निर्माण कार्यों, छात्रावास एवं आश्रम भवनों के निर्माण, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, कृषि विभाग, पीएम आवास सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी।

### जिला समन्वय समिति डीसीसी/डीएलआरसी की बैठक 12 सितंबर को

**मण्डला।** तिमाही जून 2025 हेतु बैंकिंग तथा साख योजना 2025-26 की प्रगति की समीक्षा एवं लक्ष्य पूर्ति के लिए कार्ययोजना हेतु मंडला जिले की जिला समन्वय समिति की बैठक 12 सितम्बर 2025 को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर/जिलाध्यक्ष मंडला श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला योजना भवन मंडला में आयोजित इस बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं कार्यवाही विवरण, जमा एवं अग्रिम अनुपात तथा बैंकिंग पैरामीटर, वार्षिक शाख योजना 2025-2026 हेतु कार्य योजना, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सरकार प्रायोजित योजनाओं में प्रगति सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी।

## मानव अधिकार के हनन का लगा जनजातीय कार्य विभाग पर आरोप

# दिव्यांग को क्यों किया जा रहा अपमानित

*** न्यायालय में जाने की कही बात।**


हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं। विभाग द्वारा 3 सितंबर 2025 को जारी एक आदेश को लेकर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसमें दिव्यांग अधिकारी विष्णु कुमार सिंगौर को बिना पक्ष जाने, बिना सुनवाई का अवसर दिए, उनके कार्य से अलग कर दिया गया है।

यह आदेश क्रमांक/सहायक आयुक्त/सामान्य स्थापना/2025/14060 के माध्यम से जारी किया गया, जिसके अनुसार ट्रायबल वेलफेयर एसोसिएशन की




शिकायत के निराकरण तक सिंगौर से शिक्षा, छात्रवृत्ति और योजना से संबंधित फाइलें वापस ले ली गई हैं।



कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मंडला जिला मण्डला

क्रमांक/सहा.आयु/सा.स्था./2025/14060 मण्डला दिनांक03/09/2025

–: आदेश :–

दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन का पत्र क्रमांक/राज्यमंत्री (स्व.प्र.)कु. एवं ग्रा./2025 दिनांक 01.09.2025 के तहत् श्री दिलीप मरावी जिलाध्यक्ष, ट्रायबल वेलफेयर टीचर एसोसिएशन मण्डला के शिकायत के अनुसार श्री विष्णुकुमार सिंगौर के विरुद्ध प्राप्त शिकायत का निराकरण होने तक, राहत शाखा एवं ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के साथ केवल कार्यालयीन कार्य सम्पादित करेंगे एवं शिक्षा स्थापना की संबंधित नस्तियां सहायक संचालक(शिक्षा) तथा शेष अन्य शाखाओं की समस्त नस्तियां श्री डी.एस.धुर्वे सहा.सांख्य.अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षर अधिकारी ओर प्रेषित की जावेगी।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग मण्डला
मण्डला दिनांक 03/09/2025

पृ.क्रमांक/सहा.आयु/सा.स्था./2025/14061

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, माननीय श्री दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त,जनजातीय कार्य विभाग म.प्र.भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर मण्डला की ओर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला की ओर सूचनार्थ।
5. सहायक संचालक (शिक्षा)/सहायक सांख्यिकीय अधिकारी को सूचनार्थ।
6. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सर्व जिला मण्डला को सूचनार्थ।
7. संबंधित श्री दिलीप मरावी जिलाध्यक्ष, ट्रायबल वेलफेयर टीचर एसोसिएशन मण्डला जिला मण्डला को सूचनार्थ।
8. सर्व कार्यालयीन शाखा प्रभारियों की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग मण्डला

यह निर्णय न केवल एकतरफा है, बल्कि भारतीय दिव्यांगजन अधिनियम 1995 और मानवाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन भी है।

ज्ञात हो कि विष्णु कुमार सिंगौर एक शारीरिक रूप से असक्षम अधिकारी हैं, जो वर्षों से सेवा दे रहे हैं। पूर्व में उन्हें कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित "आनंदम" केंद्र में फटे-पुराने सामानों को उठाने और संभालने का कार्य सौंपा गया था, वह भी बिना किसी अनुकूल सुविधा के। बावजूद इसके, उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा से कार्य किया। इसके बाद भी उन्हें सहायक आयुक्त कार्यालय पदस्थ कर अपमानित किया गया।

विभागीय कार्य विभाजन के स्पष्ट निर्देश दिनांक 07/11/1995 के अनुसार, क्षेत्र संयोजकों को कार्यालय संचालन और योजनाओं का दायित्व सौंपा जाना चाहिए। लेकिन श्री सिंगौर को न केवल उनके कर्तव्यों से हटाया गया, बल्कि उन्हें शिकायत का स्वरूप तक नहीं बताया गया और ना ही अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया।

चौंकाने वाली बात यह है कि जब विभाग में वर्षों से निर्माण कार्य और खरीदी जैसे गंभीर मामलों में कई शिकायतें लंबित हैं, जिनकी जांच तक नहीं हुई, वहीं केवल एक दिव्यांग अधिकारी को निशाना बनाकर मनमानी कार्यवाही की जा रही है।

इसी विभाग में कार्यरत अन्य अधिकारी पर कई ज्ञापन और शिकायतें लंबित होने के बावजूद उन्हें एक के बाद एक जानकारी अनुसार चार-पांच प्रमुख पदों से नवाजा गया है। यह विभेदकारी रवैया विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता द्वारा जारी यह आदेश न केवल असंवेदनशील और पक्षपातपूर्ण प्रतीत होता है, बल्कि यह सीधे-सीधे दिव्यांगजन अधिनियम 1995 और मानवाधिकारों के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन है।

सामाजिक संगठनों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और सहायक आयुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की माँग की है।

### जनजाति विकास के नाम पर चल रही गुटबाजी

पिछले कई वर्षों से इस विभाग में कुछ ही लोगों का प्रभुत्व कायम है एक ही व्यक्ति को चार से पांच प्रभाव पर कायम होना इसका सबसे बड़ा सबूत है और जो भी अधिकारी कर्मचारी उनके भ्रष्टाचार के कार्यों में बाधा बनता है उसके विरुद्ध साजिश कर उसे किनारे कर दिया जाता है श्री सिंगौर के विरुद्ध कार्यवाही इसका ताजा उदाहरण है इन सभी अनियमितताओं के पीछे शिक्षक संगठनों की भूमिका भी संदिग्ध है विशेष रूप से ट्राईबल वेलफेयर तो स्पष्ट रूप से शिक्षा विभाग की अव्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है इनके पदाधिकारी शिक्षण कार्य छोड़कर राजनीतिक नेताओं की खुशामद में ही लगे नजर आते हैं आए दिन होने वाले स्वागत समारोह के चलते आखिर यह अध्यापन के लिए समय कब निकालते हैं इनकी स्कूल में उपस्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए और विभागीय अधिकारियों को उनके दबाव से मुक्त करना चाहिए

### इनका कहना है -

*इस बात को लेकर मुझे मानसिक पीड़ा हुई है, जिससे की मैं अपनी पीड़ा माननीय मानव अधिकार आयोग, माननीय न्यायालय निशक्तजन मध्यप्रदेश भोपाल एवं माननीय उच्च न्यायालय के समकक्ष मैं अपनी पीड़ा व्यक्त कर न्याय की मांग करूंगा।*

***-बिष्णु सिगोंर,***
**क्षेत्र संयोजक जनजाति कार्य विभाग मण्डला**

## राधाष्टमी महोत्सव पर कैबिनेट मंत्री ने किया दिव्य अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ग्राम टिकरवारा में इस्कॉन मंडला के द्वारा श्री श्री राधाष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य अभिषेक, आरती एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। पूरा वातावरण हरे कृष्ण-हरे कृष्ण के संकीर्तन से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री हरिनाम संकीर्तन से हुआ। संकीर्तन की मधुर ध्वनियों में भक्त झूम उठे। इसके पश्चात श्री श्री राधारानी का दिव्य अभिषेक सम्पन्न हुआ। अभिषेक के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके ने परिजनों के साथ पुष्प, दूध, दही, शहद व पवित्र जल से राधारानी का अभिषेक किया और महाआरती एवं 56 भोग महाप्रसाद वितरण किया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री श्रीमद् भक्तिप्रेम स्वामी जी महाराज चेयरमैन, इस्कॉन मंदिर उज्जैन एवं दीक्षा गुरु का आगमन हुआ था स्वामी जी ने भक्तों को राधा-कृष्ण की महिमा पर प्रवचन देते हुए जीवन में भक्ति, सेवा व नाम-संकीर्तन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम की प्रमुख आयोजक श्रीमती सम्पतिया उइके विधायक एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री, मध्यप्रदेश शासन रहीं। उन्होंने कहा कि राधाष्टमी जैसे दिव्य अवसर पर ग्राम स्तर पर ऐसे आयोजन होने से नई पीढ़ी में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनके गृहग्राम में इस्कॉन मंडला का यह पहला कार्यक्रम का मेरे जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी जी का आगमन और भव्य दिव्य दर्शन पूजन पाठ से पूरा परिवार हर्षित है। इस दौरान स्वामी जी ने कैबिनेट मंत्री को भागवत गीता भेंट की वहीं कैबिनेट मंत्री ने स्वामी जी का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। वहीं स्वामी जी ने कहा कि पुरुष मनुष्य, आत्मा, सार्वभौमिक आत्मा, कृष्ण की संगति में उन्हें गोलोक में निवास करने के लिए कहा जाता है जो गायों और गोपी ग्वालों की दुनिया है राधा को सर्वोच्च देवी के रूप में दर्शाया गया है जबकि कृष्ण विनम्रतापूर्वक उनके सामने खड़े हैं। कृष्णवाद के अनुसार राधा मुख्य देवी हैं और कृष्ण की माया भौतिक ऊर्जा और प्रकृति स्त्री ऊर्जा से जुड़ी हैं। उच्चतम स्तर गोलोक में राधा को कृष्ण के साथ एकाकार और उसी शरीर में उनके साथ रहने वाला कहा जाता है। राधा कृष्ण के बीच का संबंध पदार्थ और गुण का है वे दूध और उसकी सफेदी या पृथ्वी और उसकी गंध की तरह अविभाज्य हैं। राधा की पहचान का यह स्तर उनकी प्रकृति के रूप में उनकी भौतिक प्रकृति से परे है और शुद्ध चेतना के रूप में मौजूद है राधा को कृष्ण के प्रेम का प्रतीक भी माना जाता है। कृष्ण के पास तीन शक्तियां हैं आंतरिक जो बुद्धि है बाहरी जो दिखावे उत्पन्न करती है और विभेदित जो व्यक्तिगत आत्मा का निर्माण करती है। उनकी मुख्य शक्ति वह है जो हृदय का विस्तार या आनंद उत्पन्न करती है। यह प्रेम की शक्ति प्रतीत होती है।

# धार्मिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने का बेहतर माध्यम-मंत्री श्रीमती उइके

*** खैरमाई माता मंदिर के लिए 4 लाख रूपए की राशि स्वीकृत।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला जिले में भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की परंपरा है। आप सभी आगामी त्यौहारों को भी धूमधाम और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। धार्मिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने का बेहतर माध्यम होते हैं। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने ग्राम पंचायत मलारी के ग्राम बिछुआ में आयोजित रामधुन कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। मंत्री श्रीमती उइके ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि




उनके द्वारा यहां स्थित खैरमाई माता मंदिर को और भव्य बनाने के लिए 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। मंदिर परिसर में आंगन निर्माण कार्य बेहतर तरीके से हो, इसके लिए ग्रामवासी सहयोग करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने डिंडोरी जिले के मेहदवानी से आए रामधुन मंडली द्वारा श्री रामा, जय श्री रामा एवं सीताराम भजन के अदभुत गायन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। मंडली का हौसलाअफजाई करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने विधायक निधि से 11 हजार रूपए मंडली को वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के लिए प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्थानीय समिति द्वारा बहुत आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजन क्षेत्र में होते रहें। विदित है कि ग्राम बिछुआ में स्थानीय समिति द्वारा 24 घंटे की अखंड महा रामधुन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों द्वारा भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके लिए भी उन्होंने बच्चों को एक हजार रूपए की राशि प्रदान की। मंत्री श्रीमती उइके ने ग्राम बिछुआ में बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी एवं प्राथमिक शाला के लिए बाउंड्रीवॉल बनाए जाने की भी घोषणा मंच से की। ग्रामवासियों के सुलभ आवागमन के लिए केहरपुर से कोटासांगवा एवं कोटासांगवा से कातलबोड़ी के बीच 5 किलोमीटर की रोड भी बनाई जाएगी जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनाया जायेगा। ग्रामवासियों की मांग पर मंत्री श्रीमती उइके ने यहां संचालित हाईस्कूल का उन्नयन कर कक्षा 12वी तक किये जाने की घोषणा भी मंच से की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि विधानसभा में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 68 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को दी गई है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पीएमजीएसवाई, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं समझें।

## वार्ड 13 में नगर पालिका ने पानी टेंकर देने से किया इंकार

*** पार्षद ने प्राइवेट टैंकर से उपलब्ध कराया पानी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नैनपुर

नैनपुर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 जो की रेलवे क्षेत्र में आता है रेलवे क्वार्टर में निवासरत मतदाताओं को 06 व 07 सितंबर से दो दिनों से किसी कारण से क्वार्टर में पानी की सप्लाई नहीं हो रही थी।

वार्ड 13 के पार्षद मोहित झरिया को वार्ड क्रमांक 13 में रहवासियों को पानी की किल्लत की सूचना मिलते ही। तत्काल नगर पालिका सीएमओ से बात करके वार्ड 13 में पानी की सप्लाई बंद होने से वार्ड वासियों को हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए एक लिखित आवेदन भी सीएमओ को व्हाट्सएप किया। जिसमें नगर पालिका द्वारा वार्ड में पानी टैंकर उपलब्ध कराने मांग की। मिली जानकारी अनुसार नगर पालिका



अध्यक्ष एवं नगर पालिका सीएमओ द्वारा साफ शब्दों पर वार्ड क्रमांक 13 में नगर पालिका का कोई पानी टैंकर नहीं भेजा जाएगा कहकर इंकार कर दिया गया।

आखिर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 13 के मतदाताओं के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ओर सीएमओ का ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों। नगर की जनता जानना चाहती है।

### वार्ड 13 के पार्षद ने प्राइवेट टैंकर से पानी कराया उपलब्ध

वार्ड क्रमांक 13 के रेहवासियों द्वारा बताया गया की नगर पालिका द्वारा जब पानी टैंकर देने से मना किया गया। तो तत्काल वार्ड के पार्षद मोहित झरिया ने अपने स्वयं के खर्चे से प्राइवेट टैंकरों के माध्यम से रहवासियों को सामने से खड़े होकर सभी को पानी उपलब्ध कराकर राहत दिलाई। और नगर पालिका द्वारा वार्ड 13 के हम मतदाताओं के साथ किया जा रहा सौतेला व्यवहार की कड़ी रूप से निंदा करते हैं। आखिर ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों।

### नगर पालिका की मनमानी पर लगे अंकुश

इसके पहले भी विगत वर्ष में वार्ड 13 में पानी की परेशानी को लेकर नगर पालिका ने उस समय भी मतदाताओं के साथ सौतेला व्यवहार अपना कर पानी टैंकर देने से इनकार किया । और इस बार भी पानी टैंकर देने से इनकार किया दोनों बार वार्ड के पार्षद मोहित झरिया ने प्राइवेट टैंकर से वार्ड के नागरिकों को पानी उपलब्ध करा कर राहत दिलाई आखिर इसकी पूरे नगर में कड़ी निंदा की जा रही है पानी जैसी चीजों में वार्ड के नागरिकों के साथ नगरपालिका को सौतेला व्यवहार नहीं करना चाहिए। नगर पालिका द्वारा वार्ड के नागरिकों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार की जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ऐसी जनमांग की।

**अनदेखी** | **मनमाने तरीके से कहीं से भी कितनी ही मात्रा में हो रहा उत्खनन।**

# समय पूर्व किसकी अनुमति से चल रही रेत खदानें

*** नदी के अंदर से किन नियमों के तहत निकाली जा रही रेत।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





जिले में कहने को तो खनिज विभाग का कार्यालय है उनके अधिकारी हैं कर्मचारी हैं और उनके सहयोग के लिए प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद हैं बावजूद इसके जिस तरह से खनिज माफियाओं की तूती बोल रही है वह न केवल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए शर्म की बात है बल्कि शासन के राजस्व को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा रही है।

रेत खदानों से रेत उत्खनन के कुछ नियम शासन द्वारा निर्धारित किए जाते हैं और उन नियमों के तहत ही ठेकेदार न केवल रेत का उत्खनन करता है परिवहन करता है बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा भी उसी की जिम्मेदारी होती है रेत के उत्खनन में नदियों के स्वरूप को किसी भी स्थिति में नुकसान नहीं होना चाहिए यह पहली शर्त होती है नदी के जीव जंतुओं को नुकसान न पहुंचे इसका ध्यान रखे जाने के निर्देश होते हैं और ठेकेदार इन नियमों का पालन कर रहा है अथवा नहीं इसे देखना खनिज विभाग का काम होता है और खनिज विभाग अपनी जिम्मेदारी ठीक ढंग से निभा रहा है अथवा नहीं इसे देखना जिला प्रशासन का काम है लेकिन दुर्भाग्य देखिए मंडला में ना तो ठेकेदार नियमों का पालन कर रहा है और ना ही खनिज विभाग उसे रोकने का और जिला प्रशासन मूकदर्शक बने दोनों को देख रहा है अभी रेत खदाने चालू किए जाने की कहीं से अनुमति नहीं है एन जी टी द्वारा इसकी समय सीमा तय की गई है फिर किसकी अनुमति से जिले की विभिन्न खदानों से रेत निकाली जा रही है वर्तमान में नदियों में बाढ़ की स्थिति है इसके बावजूद मशीनों के माध्यम से नदियों से रेत निकालने की अनुमति आखिर दे कौन रहा है।

धड़ल्ले के साथ गीली रेत बड़े-बड़े वाहनों के माध्यम से परिवहन की जा रही है और वह भी बिना किसी रॉयल्टी के आखिर पूरे जिले में दौरा करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को यह क्यों नहीं दिखता जहां तहां वन विभाग के नाके लगे होते हैं पुलिस थाने रास्ते में मौजूद हैं शहर के अंदर बड़े-बड़े आधुनिक कैमरे लगे हुए हैं जिनके माध्यम से कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी निगरानी करते हैं तो फिर यह वाहन कैसे धमा चौकड़ी मचा रहे हैं शासन को राजस्व तो रॉयल्टी के माध्यम से ही मिलता है और यहां करोड़ों का रेत का व्यापार ऊपर ही ऊपर किया जा रहा है इससे आखिर मुनाफा कौन कमा रहा है।

क्या यहां पदस्थ अधिकारी कर्मचारी शासन के प्रति जवाबदेह नहीं है क्या सरकार के प्रतिनिधि इस ओर से बिल्कुल भी उदासीन है यदि नहीं तो फिर यह मनमानी चल किसकी शह पर रही है क्या ठेकेदार एवं उसके गुर्गे इतने ताकतवर हो गए हैं कि उनके सामने न केवल खनिज विभाग बल्कि जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि भी बौने नजर आ रहे हैं।

### पर्व के अवसर पर माटीशिल्पियों व कारीगरों से कर वसूली न करने के निर्देश

**मण्डला।** जिले के नगरीय निकायों/ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुम्हार समुदाय के परम्परागत माटीशिल्पियों द्वारा निर्मित मिट्टी की मूर्तियाँ, खिलौने, दीपक, मटका तथा मिट्टी निर्मित सजावटी सामान/उत्पादों को प्रमुख त्यौहारों के अवसर पर बाजार में विक्रय हेतु लाया जाता है। यह उनके जीविकोपार्जन का आधार है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया है कि गणेश चतुर्थी, नवरात्रि एवं दीपावली पर्व के अवसर पर जिला मण्डला माटीशिल्पियों/ कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी की मूर्तियाँ, खिलौने, दीपक, मटका तथा मिट्टी निर्मित सजावटी सामान/उत्पादों को बढावा देने हेतु स्थानीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में उचित स्थान निःशुल्क उपलब्ध कराया जावे तथा इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं की जाये, ताकि जिले के माटीशिल्पियों को प्रोत्साहन मिल सके।


**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस०ओ० 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स नर्मदा माईनिंग कार्पोरेशन, संचालक शीला पटले श्कातामल डोलोमाईट माईन, माईनिंग ऑफ मिनरल्स, खसरा नं. 574, 596, 597, 598, 599, 602, 603, 604, 605, 606 एवं 731. ग्राम कातामल, तहसील बिछिया जिला मण्डला, लीज क्षेत्रफल 2.580 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स-उत्खनन क्षमता स्टोन 55,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुकम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर मण्डला (2) कार्यालय जिला पंचायत, मण्डला, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला, (4) ग्राम पंचायत कातामल, तहसील बिछिया जिला मण्डला (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड कमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म०प्र०) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 09/10/2025 दिन गुरूवार को दोपहर 2:00 बजे मेसर्स नर्मदा माईनिंग कार्पोरेशन, संचालक शीला पटले श्कातामल डोलोमाईट माईन, माईनिंग ऑफ मिनरल्स, ग्राम कातामल, तहसील बिछिया जिला मण्डला के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

## खबर संक्षेप

### निकलने के लिये रास्ते से हटने को बोला तो कर दी पिटाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि लोग मनमानी पूर्वक मुख्य मार्गो पर खड़े हो जाते है जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाता है। जब कोई व्यक्ति निकलते वक्त इस तरह रास्ता से हटने की बात कहता है तो मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के स्टेशन के पास देखने मिली। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस गांधी वार्ड निवासी कमलेश पिता लक्ष्मी प्रसाद जाटव उम्र 28 साला निवासी गांधी वार्ड द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह दबाई लेने के लिये स्टेशन रोड शर्मा मेडीकल पर गया हुआ था उसी समय शराब ठेका के बाजू वाले रास्ते से प्रार्थी जा रहा था तो छुट्टन कौरव रास्ते पर खड़ा होकर फोन पर बात कर रहा था। प्रार्थी द्वारा निकलने के लिये रास्ते से साईड में होने की बात कही तो आरोपी द्वारा प्रार्थी को धक्का देते हुये नीचे गिरा दिया और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### नगर में पार्किंग और गंदगी की समस्याओं से लेकर लोग परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** हर स्थानों पर विकास हो रहा है फिर भी आज भी शहर नियोजित विकास के लिए तरस रहा है,समस्याओं का निराकरण हर जगह खानापूर्ति से ज्यादा कुछ नही होता है, यूं तो निरंतर विकास की ओर अग्रसर इस शहर में कुछ समस्याएं अब स्थायी हो गई है, क्षेत्र का विकास तो गया लेकिन यहां की समस्या कब समाप्त होगी हमेशा यही प्रश्न सामने आता है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर में पार्किंग की समस्या विकराल रूप लेकर सामने दिखाई पड़ रही है क्योंकि लोगों के जहां मन चाहे वही वाहन खड़ा कर आराम से गप्पे हांकतें दिखाई देतें है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या के साथ अब पार्किंग की समस्या पैदा होने लगी है, बाजार हो या आम रास्ता जहां जगह मिले वही वाहन खडें कर दिये जातें है, बेतरतीब ढंग से खड़े रहतें वाहन यातायात को भी प्रभावित करतें है, शहर के विकास में पार्किंग सुविधा को महत्व नही देने से यह समस्या बढ़तें जा रही है। वही दूसरी ओर यदि नगर के एक मात्र बस बस स्टैंड की बात की जावे तो जो यात्री के लिए बना हुआ है, यदि वहां पर देखा जावे तो उसका स्वरूप ही बदल गया यह एक व्यावसायिक केन्द्र बन कर रह गया है जहां यात्रियों को सुविधा की बजाए ढेरों मुसीबतों से जूझना पडता है, यहां यात्रीयों को सुविधाओं के लिए पीने का पानी, अच्छी बैठक व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्थाओं की कमी सदा ही देखने मिलती ही है? स्थिति यहां तक देखने मिली है कि यहां तो गाड़ियो की पार्किंग मनमाने ढंग से की जाती है, मानों उन्होने बस स्टैंड को ही घर बना लिया हो और जहां मर्जी आए वहां गाड़ी खड़ी कर देतें है, वही यात्री प्रतीक्षालय के सामने लगने वाली फुटपाथ ढुकानों से भी यात्री परेशान होतें है। वही दूसरी ओर होटलों पर गौर किया जावे तो खुले खाद्य पदार्थ, गंदगी, पीने के पानी में कचरे जैसी व्यवस्था होटलों में आम बात हो गई है, कहा जाता है कि शहर के होटलों में नाश्तें के साथ बीमारियां भी मिलती है, इन होटलों की जांच करने की फुर्सत न खाद्य विभाग को है और न ही प्रशासन को जिसके चलतें जहां देखों वहां मनमानी हो गई है।

### वंशिका कंपनी के मैनेजर से की झूमाझट की

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस वंशिका कंपनी में मैनेजर के पद पर पदस्थ व ग्राम बरमान निवासी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि जब वह अपने साथियों के साथ पुराना बस स्टेन्ड पर ठेके की कंपोजित शराब दुकान आया हुआ था उसी समय राजेश उर्फ राजू उपाध्याय नामक आया और प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देने लगा जब प्राथी द्वारा गाली देने का कारण पूछा तो आरोपी ने कहा कि मेरा लड़का आकाश उपाध्याय तुम्हारी कंपनी में काम करता था जिसको तुमने काम से निकला यिा गया है मेरे लड़के को काम से निकलने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई और झूमा झटकी करते हुये चोटे पहुंचाई जिसको लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**व्यवस्थाओं के सुधार के लिये दिये गये भरोसे मात्र अखबरों की सुर्खियों तक हुये साबित...?**

# सालीचौका रेल्वे स्टेशन की व्यवस्थाएं चल रही भगवान भरोसे, गर्मी के दिनों धूप में तो बारिश में भीगते हुये प्लेट फार्म पर ट्रेनों का इंतजार करते हैं रेलयात्री

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।**








जहां एक ओर रेल विभाग द्वारा अपने यात्रियों को अच्छी सुविधाएं प्रदान करने की तो बात कही जाती है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए अनेक मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ सुरक्षा की व्यवस्थाएं नही होने से रेल यात्रियों को परेशान होने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है..? बताया जाता है कि सालीचौका रेल्वे स्टेशन से क्षेत्र के लगभग 50 से अधिक गांवों के लोग यात्रा करने के लिए पहुंचते है। लेकिन यात्रियों की सुविधाओं के लिए यहाँ के दोनों प्लेट फार्मो पर वर्षो पुराना यात्री प्रतिक्षालय टीन शेड बना हुआ है जिसके नीचे मात्र चंद लोग ही खड़े हो सकते है। बाकी लोगों को गर्मी के दिनों में तेज धूप व बारिश के मौसम में भीगते हुए ट्रेनों को इंतजार करते हुए आसानी से देखा जा सकता है..? वही अन्य सुविधाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यहां पर कहने के लिए तो पेशाब घर बने हुए है। मगर उनमें रेल विभाग द्वारा जिस प्रकार से अलीगढ़ वाला ताला डाला गया है उसे खुलते हुए शायद ही कभी किसी ने देखा हो..? इस स्थिति के चलते महिलाओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों को पीने के पानी के नाम पर टंकी तो रखी हुई है। मगर उसका रख रखाब नही होने के कारण जहां गंदगी से भरी पूरी पड़ी है जिसके चलते उसका पानी पीने लायक नही रहता है। वही परिसार में लगे हुए हेंड पंप भी पानी की जगह हवा उलगते हुए देखे जा रहे है। इस प्रकार से जहां




सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर भीषण गर्मी के दिनों में रेल यात्रियों को ठंडे पानी के लिए यहां वहां भटकते हुए देखा जाता है। वही दूसरी ओर बारिश के दिनों में स्थिति इस प्रकार से होती है कि जरा सी बारिश होने के कारण पूरा रेल्वे स्टेशन से जिस प्रकार से पानी रिस्ता है कि यात्रियों को खड़ा होने के लिए सूखी जगह खोज पाना मुश्किल हो जाता है। हाल यह है कि बारिश होते ही इस रेल्वे स्टेशन की स्थिति इस्त्र प्रकार से बन जाती है कि रेल यात्री ट्रेनों का इंतजार बारिश के पानी में भीगते हुए करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वही यात्रियों के लिए एक ही टिकिट खिडकी से टिकिट लेना पडती है तथा उसी जगह से पार्सल कार्सालय का संचानल होता है जिसके चलते जहां टिकिट लेने में यात्रियों को परेशानी हो रही है। इस तरह दूर दराज के ग्रामों से आये यात्रियों को प्रतिक्षालय के अभाव में इधर उधर भटकने को मजबूर होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। यदि बारिश का समय रहता है तो फिर यात्री प्रतिक्षालय में भी यात्री भीगने से नही बच पाते है..? वही दूसरी ओर रेल्वे स्टेशनों पर मनमानी करने वालों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि जहां रेल्वे स्टेशन पर किसी भी प्रकार के वाहन ले जाना रेल विभाग की कुंडली में अपराध माना जाता है। इतना ही नही रेल्वे विभाग द्वारा रेल्वे स्टेशनों पर निर्देशों को लेकर सूचना संबंधी वोर्ड भी लगाये गये है। मगर उन निर्देशों को रेल विभाग के अधिकारी की खुलेआम धज्यियाँ उड़ाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है जिसका उदाहरण आये दिन देखने मिलता ही रहता है। जहां रेल्वे स्टेशन में वाहन ले जाना बार्जित व अपराध बताने की सूचना का वोर्ड लगा हुआ है। मगर उसी वोर्ड के समीप रेल विभाग से जुडे ही किसी अधिकारी या फिर कर्मचारी की दो पहिया गाड़ी खड़ी देखने पर लोग यह बात कहने से नही चूक पा रहे थें कि क्या रेल विभाग के सभी नियम मात्र आम जनता के ऊपर ही लागू होते है..? इस प्रकार देखा जावे तो रेल्वे स्टेशन पर वाहन ले जाने या फिर खड़ा करने की स्थिति में आमयात्रियों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। क्योंकि क्योंकि रेल्वे स्टेशन पर किसी भी प्रकार से ज्वलनशील पदार्थ ले जाना प्रतिबंधित होता है। मगर इस तरह पेट्रोल भरा हुआ वाहन खड़ा करना निश्चित ही आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे से खाली ही है...? सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से देखा जावे तो रेल विभाग की जिम्मेदारी माने जाने वाली रेल पुलिस के यहां पर दर्शन ही नही होते है और इसी का परिणाम में अपराधिक प्रवृति के लोगों को ट्रेनों के समय यहां पर जमावड़ा लगा रहता है। इस स्थिति के चलते आस पास के गांवों से आने जाने वाली महिला यात्रियों के साथ अभद्रता व छेड़खानी की घटनाएं आम बात होती जा रही है। यह बात अलग है कि मनचलों की हरकतो का शिकार महिलाएं किसी मजबूरी के चलते शिकायत करने की हिम्मत नही जुटा पाती है। इसी के चलते मनचलों के हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है..? सही मायाने में देखा जावे तो क्षेत्र के लोग इस रेल्वे स्टेशन से पूर्ण दहशत के बीच यात्रा करने के लिए मजबूर होकर रहे चुके है। इस प्रकार से नगर के रेलवे स्टेशन की बिगड़ी हुई व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर आये दिन जिम्मेदारों द्वारा भरोसा तो दिया जाता है। मगर वह भरोसा मात्र अखबारों की सुर्खियों तक ही सीमित होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि कुछ साल पहले यहां पर गरीबों के लिये ट्रेन रोकने के लिये एक बड़ा भरोसा मिला था। मगर वह ट्रेन आज तक नही रूक पाना निश्चित तौर से जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है...?

## विसर्जन के तीसरे दिवस दी गई नगर के राजा नर्मदा कॉलोनी में स्थापित गणेश प्रतिमा को विदाई, कुंड की गहराई के चलते बड़ी मूर्तियों के विसर्जन में हुई परेशानियाँ







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला बीते हुये शनिवार से शुरू होने के बाद दूसरे दिन रविवार को दिन भर चलता रहा। वही जो प्रतिमाये विसर्जन होने से शेष रह गई थी उनका विसर्जन तीसरे दिवय यानि की सोमवार को होते हुये देखा गया। इस प्रकार तीसरे दिवस नगर के राजा के नाम से नर्मदा कालोनी शिव मंदिर के पास स्थापित की गई सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा की विदाई भक्तों ने बडे ही धूमधाम के साथ की गई। इस तरह निकाले गये भव्य जुलूस के दौरान गणपति बप्पा की भक्ति में लीन होकर जहां महिलाये नृत्य करते हुये श्रेष्टी के प्रथम पूज्य भगवान को विदाई देते हुये देखी गई। वही तीसरे दिवस अन्य प्रतिमाओं का विसर्जन भी हुआ। इस तरह शासन के आदेश अनुसार गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु नगर पालिका प्रशासन द्वारा हर साल की भांति कुंड का निर्माण तो किया गया है। मगर इस साल लगातार हो रही बारिश के चलते शक्कर नदी की रेत पानी में डूबी रहने के चलते कुंड का निर्माण छिड़ाव घाट पक्की सीडियों के ऊपर रेत से भरी हुई बोरियों के माध्यम से किया गया है। कुंड की साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये जहां दो कुंड बनाये गये है। वही दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख लगातार साफ सफाई व्यवस्था पर अपनी नजर रखे हुये है। वही दूसरी ओर देखने मिल रहा है कि जिस तरह नगर में स्थापित की गई बड़ी प्रतिमाओं का बनये गये कुंड में आसानी से डूब नही पाने के चलते समिति के सदस्यों सहित विसर्जन व्यवस्थाओं में जुटे हुये नगर पालिका के कर्मचारियों को भी परेशान होते हुये देखा जा रहा है।

## नगर के रेल्वे वाहन स्टैंड से लगातार हो रही है यात्रियों की बाइक चोरी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर रेल विभाग द्वारा अपने यात्रियों को अच्छी सुविधाये प्रदान करने का भरोसा दिला रहा है। मगर यात्रियों के लिये रेल विभाग प्रबंधन द्वारा व्यवस्थाये उपलब्ध नही कराये जाने का परिणाम है कि आम यात्रियों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस बात की सच्चाई नगर के रेलवे स्टेशन पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि रेल यात्रियों को अपने वाहन सुरक्षित खड़े करने के लिये वाहन स्टेन्ड निर्धारित था। मगर बीते हुये माह किन्ही कारणों के साथ इस वाहन स्टेन्ड के ठेके को निरस्त कर दिये जाने से अब रेल यात्रियों के वाहन जहां भगवान भरोसे नजर आ रहे है और आये दिन बाइक चोरी की घटनाये आम बात हो चुकी है। आमजन का कहना है कि जब रेल विभाग द्वारा वाहन स्टेन्ड ठेके को निरस्त किया गया था तो वह आम यात्रियों को वाहन खड़े करने के लिये उचित प्रबंध करना चाहिये था। मगर इस तरह रेल विभाग द्वारा किसी तरह से कोई व्यवस्था नही किये जाने के कारण रेल यात्रियों के वाहन चोरी होने की घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी होते हुये देखे जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस एक होमगार्ड सैनिक की बाइक को अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गई। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते है। ग्राम कामती निवासी म प्र होमगार्ड कार्याल्य में हबलदार स्टोर



मैन के पद पर पदस्थ पुष्पेन्द्र कौरव द्वारा अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से नरसिंहपुर जा रहा था तो उसकी मोटर साईकिल क्रमांक **MP**49-**BA**-7441 कथई रंग की यामाहा क्रेक्स को रेल्वे स्टेशन के पास मोटर साईकिल पार्किग स्टेन्ड पर खड़ी करके चला गया था। मगर जब वापिस आकर देखी तो मोटर साईकिल गायब मिली। इस तरह किसी अज्ञात चोर द्वारा मोटर साईकिल को चोरी किये जाने पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है तथा चोरी गई मोटर साईकिल की खोजबीन की जा रही है। इस तरह रेल विभाग द्वारा यात्रियों के वाहनों को खड़ा करने के लिये उचित प्रबंध नही किये जाने के कारण आये दिन यात्रियों की मोटर साईकिल चोरी होना आम बात होती चली जा रही है।

## क्षेत्र के विकास की सच्चाई उजागर करते हुये मुडिया सहित बेहरा व तिंगवा के बीच घुटनों भर कीचड़ के बीच से निकलते हैं ग्रामीण



**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** जहां एक ओर आये दिन बडे बडे नेताओं को मंचों के माध्यम से यह बात कहते हुये सुना जाता है कि सरकार के विकास कार्यो गंगा गांवों के अंतिम छोर पर बसे हुये लोगों तक पहुंचने से नही चूक रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जो लोग बारिश के दिनों में अपने गांव पहुंचने के लिये तरसते थें आज वह पक्की सड़को पर वाहन दौड़ाते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। इतना ही नही विकास कार्यो के लिये सरकार द्वारा अपना पूरा खजाना लूटाने में पीछे नही है..? मगर इन वादों के भरोसे पर सबाल उस समय खड़े होने से नही चूक पाते है जब आज भी ग्रामीणों को घुटनों घुटनो तक कीचड़ के बीच निकलकर जाते हुये देखा जा रहा हो..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुलरी भौरझिर मार्ग से मुडिया होते हुये ग्राम बेहरा व तिंगुवा गांव जाने वाले मार्ग की देखने मिल रही है। बताया जाता है कि लगभग साढ़े तीन किलो मीटर मार्ग के निर्माण को लेकर इन गांवों के लोगों द्वारा बीते हुये लम्बे समय से मांग की जा रही है। मगर आज तक इस मार्ग का निर्माण न होने की स्थिति में जहां बारिश के दिनों में इन गांवों में निवास करने वाले लोगों को कीचड़ के बीच से गुजरते हुये जाते देख निश्चित ही सरकार के विकास वादी भरोसे की पोल खुलने से नही चूक पा रही है। अब इस सच्चाई को देखकर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पा रहा है कि जब इन ग्रामों का हाल यह बना हुआ है तो यहां पर शिक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य शासन की सुविधाओं का पहुंच पाना कहा तक संभव माना जा सकता है।

## ग्राम सांगई स्कूल में आईटीआई टीम द्वारा बच्चों को दी गई स्वरोजगार से जुडी जानकारियाँ

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** हर माँ बाप का सपना होता है कि उसके बच्चें पढ़ लिखकर अपने पैरों पर खड़े हो जावे। मगर अक्सर देखा जाता है की जानकारियों के आभाव में बच्चें पढ़ाई करने के बाद स्वरोजगार स्थापित करने में निर्णय नही ले जाते है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे शासकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गाडरवारा की टीम ने पहुंचकर छात्र छात्राओं को स्वरोजगार से संबंधित पाठ्यक्रमों की जानकारियों से अवगत कराया गया। वही बताया जाता है कि इस टीम ने बताया कि स्वीइंग टेक्नालाजी पाठ्यक्रम के माध्यम से कक्षा 8 वी पास छात्रायें 1 वर्ष का कोर्स करके सिलाई कढ़ाई सहित अन्य कार्यों मे दक्ष हो सकती है। इस कोर्स को करने के बाद स्वरोजगार से जुड़



सकती है। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि वे अपने पड़ोस के लोगों तक इससे जुडी जानकारी अवश्य दें। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी सुनीता कोरी, पुष्पा कूमरे, लिपिक कैलाश चौरसिया के अलावा शाला स्टॉफ से प्रधान पाठक दशरथ जाटव, मधु सूदन पटैल, विवेक नाईक, चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# पर्वराज पर्युषण हर्षोल्लास के साथ मनाते हुये क्षमावाणी के साथ हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** गणेश उत्सव के बीच जैन धर्म के आयोजन भी नगर में उत्साह के साथ संपन्न होते हुये देखे गये। इस तरह दस दिनों तक चले पर्वराज पर्युषण यहाँ श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाये गये। इस अवसर पर प्रतिदिन सुबह मन्दिर विधि सम्पन्न की गई तथा रात में वीर श्री महिला मंडल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये गये। वही पर्वराज पर्युषण के अंतिम दिन पर्युषण के दौरान उपवास करने बालों का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया गया। इस सम्मान में मुख्य रूप से निकी जैन, मन जैन, शिशिर जैन, राहुल जैन, पुरुष वर्ग से शामिल रहे। श्रीमती राशि जैन, श्रीमती रिया जैन, श्रीमती शुभि जैन, कुमारी सोम्या जैन, श्रीमती स्मृति जैन, श्रीमती माया जैन, श्रीमती सोनल जैन, कुमारी साझी जैन, कुमारी आरना परी जैन, श्रीमती आशा जैन महिला वर्ग से शामिल रही। मन्दिर में सन्तों के आगमन के अवसर पर उनकी पूरी व्यवस्था संभालने के लिये शास्त्री पदम जैन, प्रदीप जैन, श्रीमती साधना जैन, श्रीमती मणि जैन। वही मन्दिर की व्यवस्था को सुचारू रूप से संभालने के लिये मन्दिर के व्यवस्थापक सुरेन्द्र जैन राकेश जैन को सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर अष्टमी चौदस को मन्दिर विधि सम्पन्न कराने हेतु राजकुमार जैन, अखिलेश जैन, संजय सराफ, राहुल जैन, जतिन लकी जैन का भी श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन तथा वीरश्री महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती भारती जैन ने अपना उदबोधन देते हुये सभी से क्षमा याचना की गई। ततपश्चात श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन एवं श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष ने सामूहिक क्षमावाणी सम्पन्न कराई कार्यक्रम का संचालन श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के सचिव राजीव जैन द्वारा किया गया। पर्वराज पर्युषण अगले दिन वीरश्री महिला मंडल द्वारा 6 घण्टे का संत शिरोमणि तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज द्वारा रचित श्री तारण त्रिवेणी के पाठ का आयोजन किया गया।

## संभागीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता एक चर्चित निजी शिक्षण संस्था का चयन करना खड़े कर रहा सवाल ..?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के वार्षिक खेल केलेंडर सत्र 2025- 26 के अनुसार जिले में 19 वर्षीय बालक- बालिका आयुवर्ग में संभागीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता आज 9 से कल 10 सितम्बर तक नगर के अशासकीय काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार से देखा जावे तो नगर में अनेक शासकीय स्कूल है जिनके पास खेल मैदान से लेकर अन्य प्रकार की सुविधाये भी मौजूद है। वही दूसरी ओर नगर का पुराना कालेज खेल मैदान जिस पर शासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शानदार तरीके से संपन्न हो चुका है। इन स्थलों की जगह एक निजी शिक्षण संस्था का अधिकारियों द्वारा इस प्रतियोगिता के लिये चयन करना चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो कुछ माह पहले इस शिक्षण संस्था में घटित हुई घटना के चलते एक छात्र की मौत ने यहां की व्यवस्थाओं की पोल खोले जाने के चलते अधिकारियों द्वारा इस शिक्षा संस्था को जांच के दायरे में भी लिये जाने की खबर है..? इस प्रकार से जांच के दायरे में आ चुकी संस्था में इस तरह शासकीय आयोजन का संपन्न करना अधिकारियों की भूमिका सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि आयोजन के दौरान जहां शिक्षा विभाग के छोटे से लेकर बडे अधिकारी मौजूद रहने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..। इस सच्चाई के चलते अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि शिक्षण संस्था में घटित हुई घटना की जांच को निष्पक्षता के साथ पूर्ण होने की कल्पना की जा सकती है..? शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की यह कार्य प्रणाली एक निजी शिक्षण संस्थाओं को सपोट करते हुये करते हुये उसका विज्ञापन करते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रही है..?

खबर संक्षेप



## विशेष भारतीय अभियान के तहत सुरक्षा कर्मियों की भर्ती



**शहपुरा (डिंडोरी)** मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आज शहपुरा नगर के आजीविका मिशन कार्यालय में विशेष भारतीय अभियान के तहत भव्य रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 191 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया, जो अपने उज्वल भविष्य के लिए विभिन्न पदों पर चयन की उम्मीद लेकर आए थे।रोजगार मेले में मुख्य रूप से सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, C.I.T./DH/SLV और G.T.O. पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इन पदों पर भर्ती भारत सरकार के पसारा अधिनियम 2005 के तहत संचालित की जा रही है। इस प्रक्रिया में चयनित कुल 91 उम्मीदवारों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। भर्ती अधिकारी राहुल ने बताया कि यह कदम ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार सृजन में मील का पत्थर साबित होगा। चयनित उम्मीदवारों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत उचित वेतन, पीएफ, ईएसआईसी, पेंशन, मेडिकल सुविधाएं व बच्चों को विशेष स्कूल में पढ़ाई की व्यवस्था भी दी जाएगी।रोजगार मेला ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

## जिला स्तरीय खरीफ उपार्जन समिति का गठन

**डिंडौरी** । कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान पंजीयन और उपार्जन कार्य की निगरानी के लिए जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। समिति किसानों को समय पर उचित मूल्य दिलाने एवं उपार्जन कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। आदेशानुसार समिति में कलेक्टर को अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक प्रबंधक, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, भू-अभिलेख शाखा के अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी, सहायक आयुक्त सहकारी विभाग, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी, जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी समिति के सदस्य सचिव रहेंगे। उक्त समिति का कार्य किसानों के पंजीयन से लेकर समर्थन मूल्य पर उपार्जन पूर्ण होने तक समस्त कार्यों की निगरानी करना होगा। उपार्जन अवधि में जिलास्तरीय नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर होंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि खरीफ उपार्जन 2025-26 की पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी और समयसीमा में पूर्ण की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



## कसहा नदी किनारे आकाशीय बिजली का कहर

# दो युवकों की मौत, एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल

शहपुरा

मानिकपुर रोड भिम्पार गांव के कसहा नदी किनारे सोमवार शाम अचानक हुई तेज बारिश ने बड़ा हादसा ला दिया। इमली के पेड़ के नीचे गिरी आकाशीय बिजली से दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, वहीं एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। अनुसार शाम करीब 5:30 बजे गुलशरन झरिया पिता सुग्रीम झरिया (35 वर्ष), छत्तर सिंह धुर्वे पिता सुखलाल (35 वर्ष) एवं दर्शन झारिया पिता दादूराम (45 वर्ष), तीनों निवासी भीमडोंगरी, मोटरसाइकिल से शहपुरा से भीमडोंगरी लौट रहे थे। रास्ते में अचानक तेज बारिश होने पर तीनों मोटरसाइकिल रोककर इमली के पेड़ के नीचे जा छुपे।इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और तीनों उसकी चपेट में आ गए। हादसे में गुलशरन झारिया और छत्तर सिंह धुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्शन झरिया गंभीर रूप से झुलस गए।सूचना मिलते शहपुरा पुलिस और डायल 100 की सेही स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक बारिश और तेज गर्जना के चलते तीनों ने पेड़ के नीचे शरण ली थी, लेकिन यह कदम उनके लिए भारी पड़ गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न विभागीय योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।

डिंडौरी ।



**बैठक की शुरुआत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान पंजीयन और उपार्जन कार्य किसानों को समय पर उचित मूल्य दिलाने की जानकारी के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गौशालाओं की अद्यतन एवं प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा जल जीवन मिशन के कार्यों और उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तावित नर्मदा प्राधिकरण परियोजना को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को परियोजना क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मनरेगा योजना के तहत निर्माणाधीन अमृत सरोवर, कूप निर्माण, खेत तालाब, जल गंगा संवर्धन, वृक्षारोपण कार्यों की समस्त अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर अपर कलेक्टर डिंडौरी को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर निरीक्षण जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।**

कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण एवं अन्य खनन से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शासकीय भवन हैण्डओवर के समय टेक्नीकल समिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ही नवीन भवन को हैण्डओवर लिया जाए, जिसमें एसडीएम, संबंधित विभाग का सहायक यंत्री होंगे। कलेक्टर ने डीपीसी और ई-गर्वनेंस को स्कूल, छात्रावास, आश्रम के बच्चों के शत प्रतिशत सार्थक ऐप के माध्यम से लगाने की पूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के आपदा राहत प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि, राजस्व वसूली पर तहसीलदारों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।सर्व शिक्षा अभियान के सहायक यंत्री को स्कूल मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य संबंधी पर समीक्षा की गई और शालाओं के मरम्मत कार्य के प्रकरण तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित वेयर हाउस और मिलिंग की नियमित रूप से संबंधित एसडीएम नियमित रूप से निरीक्षण करें ताकि जिले के आम जनता को खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जा सके।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को इे-केवाइसी, समग्र आईडी, आधार कार्ड, राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि, सर्पदंश के प्रकरण एवं पोर्टल इनरोलमेंट, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के स्थापना शाखा प्रभारी श्री राजेश मरकाम के द्वारा नियमित रूप से कार्यों का सही ढंग से संधारण न करने पर एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर भी कलेक्टर ने विशेष निर्देश दिए और कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार रोजगारमूलक योजनाओं के तहत स्थापित बैंक पोस्ट का भी परीक्षण किया गया। राजस्व विभाग एवं तहसीलदारों द्वारा नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। आधार वितरण, ई-केवाईसी, डुप्लीकेट ई-केवाईसी, राशन कार्ड एवं खाद्य विभाग की योजनाओं की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ मिलना चाहिए। बैठक में मनरेगा कार्यों की स्थिति, पंचायत के निर्माण कार्य, वन अधिकार पत्र वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके अलावा विभिन्न विभागों से जुड़े अन्य मुद्दों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विभाग के लंबित पालन प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर अपर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। ताकि समस्याओं का निराकरण किया जा सके। साथ ही साथ मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्माणाधीन कार्यों का जांच प्रतिवेदन संबंधित इंजीनियरों, सहायक यंत्रियों के माध्यम से अधूरे निर्माण कार्यों का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि संबंधित एजेंसियों पर कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने नगर परिषद सीएमओ को निर्देश दिए कि नगर के मुख्य मार्ग पर पालतू पशुओं के बैठने से दुघर्टनाओं की संभावनाओं को देखते हुए सीएमओ को जानवरों को पकडकर गौशाला में भेजवाने के निर्देश दिए ताकि आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो सके।

कलेक्टर ने नगर में बिना अनुमति के बन रहे बहुमंजिला इमारतों की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ताकि कोई भी कॉलोनी अथवा भवन अवैध रूप से निर्माण न हो सके। साथ ही साथ सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा संचालित छात्रावास, आश्रम में खिडकी, पर्दा, अग्निशामक, खिडकी में मच्छर जाली, शुद्ध पेयजल आदि व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।




## शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर तीन सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस

**डिंडौरी।** कलेक्टर ने जनपद पंचायत करंजिया के सहायक यंत्री कशिश नायक, जनपद पंचायत बजाग के सहायक यंत्री बी.एस.तिलगाम और जनपद पंचायत शहपुरा के सहायक यंत्री पवन कुमार पटैल को शासकीय कार्यों में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर 15 जुलाई से 15 अगस्त तक पौधारोपण अभियान एवं फेंसिंग कार्य कराए जाने थे, किंतु आज दिनांक तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इसी प्रकार एक बगिया माँ के नाम अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिन्हें अभियान की समयावधि में पूर्ण किया जाना था, परंतु अब तक कार्य अपूर्ण पाए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यह कृत्य शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है तथा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है। सहायक यंत्री कशिश नायक, सहायक यंत्री पी.एस.तिलगाम और सहायक यंत्री पवन कुमार पटेन को कारण बताने के निर्देश दिए गए हैं कि उनके विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। उन्हें नोटिस प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यशाला आज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व में आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। अनूपपुर जिला भाजपा कार्यालय में दिनांक 9 सितंबर को दोपहर 12:00 बजे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी अनूपपुर मिथिलेश पयासी एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में कार्यशाला सुनिश्चित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा का कार्यशाला बैठक 9 सितंबर दोपहर 12:00 बजे होना सुनिश्चित किया गया है।

## जिले में 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान शुरू

# नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

डिंडौरी ।



पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में 08 सितम्बर से 22 सितम्बर 2025 तक 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।अभियान के अंतर्गत तेज रफ्तार वाहन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नाबालिग चालक, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, रॉंग साइड ड्राइविंग, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस और बिना परमिट वाहन संचालन जैसे प्रकरणों में कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान के दौरान प्रतिदिन की गई कार्रवाई की जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा में यातायात थाना को भेजना सुनिश्चित करें।पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें।

## गोरखपुर शासकीय विद्यालय का निरीक्षण

# साफ-सफाई व मरम्मत कार्यों के दिए निर्देश

डिंडौरी।

**करंजिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गोरखपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का साप्ताहिक निरीक्षण सोमवार को आरआई संजय मरकाम द्वारा किया गया। यह निरीक्षण एसडीएम राम बाबू देवांगन के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें विद्यालय की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई।**



निरीक्षण के दौरान शौचालय, कक्षाएं, प्रयोगशाला एवं आईसीटी लैब का निरीक्षण किया गया। शौचालय की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित रूप से फिनाइल एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रयोगशाला और आईसीटी लैब को सक्रिय व सुव्यवस्थित पाया गया। विद्यालय के कुछ कक्ष बारिश के कारण क्षतिग्रस्त पाए गए, जिन्हें शीघ्र मरम्मत हेतु सुझाव दिया गया है। पूर्व निरीक्षण में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के भवन को जर्जर अवस्था में पाए जाने के कारण दोनों कक्षों को बंद कर, छात्रों को बालक छात्रावास के भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। आरआई संजय मरकाम ने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं, जर्जर शौचालय की मरम्मत के लिए प्राचार्य मोल सिंह धुर्वे द्वारा बजट की मांग की गई है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और आरआई संजय मरकाम ने विद्यालय की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया।

# सहकारिता कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा सहकारी समिति पैक्स कर्मचारियों की न्यायोक्ति लंबित मांगो के आदेशों का पालन जिले में कराये जाने की मांग पूरी नहीं होने पर सोमवार को उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करते हुए प्रदर्शन किया गया। महासंघ के पदाधिकारियों ने बतलाया कि न्यायोचित लंबित मांगो के आदेशों का पालन जिले में नहीं किया जा रहा है। जिनका नियमानुसार तत्काल पालन काराया जायें। महासंघ की प्रदेश स्तर की तीन मांगे है। बतलाया गया कि 60 प्रतिशत संस्था कर्मचारियों का जिला बैंक में चयन होना था जो आज तक नहीं हुआ तत्काल चयन कराया जायें। अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का 54000 रुपए जो मात्र 18 जिलों को मिले है एवं 34 जिलो में अभी तक भुगतान नहीं किया गया उक्त जिलों के कर्मचारियों को तत्काल राशि दिलाई जावे। शासन द्वारा समिति कर्मचारियों को अतिशेष वेतन वृद्धि की गयी है जिसका लाभ समिति कर्मचारियों को नहीं मिला है। शासन के आदेशानुसार तत्काल भुगतान कराया जाये। उक्त मांगों के आदेश प्रदेश स्तर से पूर्व में जारी हो चुके है। परन्तु जिला प्रशासन उक्त आदेशों का पालन न करते हुये अवहेलना कर रहा है। जिसके कारण पैक्स कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। महासंघ के निर्देशानुसार 08.09.2025 से 24.09.2025 तक प्रदेश के समस्त जिलों में सहकारी संस्थाये एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकानें बंद कर जिलों के 55000 कर्मचारी अनिश्चितकालीन कलमबंद आन्दोलन एवं धरना प्रदर्शन करेंगे। मांग की गई है कि उक्त मांगों का जिला स्तर पर निराकरण निर्धारित दिनांक के पूर्व तत्काल आदेशों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे 55000 कर्मचारियों को न्याय मिल सके एवं उन्हें आन्दोलन जैसा कदम न उठाना पड़े। आन्दोलन के समय किसानों एवं आम जनों को असुविधा होगी जिसका हमें खेद है। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# शिक्षक संगोष्ठी ने कलेक्टर नेहा मारव्या को किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन एवं अजाक्स के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के लगभग 300 शिक्षकों ने सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या का सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने फूलमाला पहनाकर कलेक्टर को जिले में उत्कृष्ट कार्य संचालन और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए बधाई दी। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जिले के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और जिले की प्रगति की कुंजी है। संगोष्ठी के दौरान ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन एवं अजाक्स के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर चर्चा की। इसमें वेतन भुगतान, स्थानांतरण, निलंबन, छात्रावास अधीक्षक से संबंधित मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए निलंबित आदेशों को निरस्त कर बहाल करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में अजाक्स जिला अध्यक्ष सुनील नागेश्वर, ट्राइबल वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष सनत कुमार तिवारी, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष आनंद उइके, जीवन मरावी, नंद किशोर श्रीवास, हजिया मरावी, आनंद मरकाम, श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लोहे की राड मारकर किया लहूलुहान



**गोटेगांव।** बीते दिनों साहू मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय प्रकाश साहू पिता धनीराम साहू ने पुलिस थाना गोटेगांव पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके साथ कुम्हारी मोहल्ला निवासी उमेश उर्फ अय्यर प्रजापति ने लोहे की राड से सिर पर हमला कर घायल कर दिया, प्रकाश साहू ने प्राथमिक की दर्ज कराते हुए कहा में टॉकीज के पास नमकीन का ठेला लगता हूं, उमेश उर्फ अय्यर उसके पास नमकीन लेने आया तो मैंने यह कहकर मना कर दिया कि पिछले पैसे भी बाकी है इसलिए में तुम्हें उधार नहीं दूंगा जिस पर उमेश उर्फ अय्यर ने मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए उस पर लोहे की रात से प्राण घातक हमला कर दिया, हमले में घायल लहू लुहान हालत में प्रकाश साहू ने मारपीट की घटना को लेकर थाना गोटेगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई है ! वहीं पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट धारा 173 बी एन एस के तहत रिपोर्ट संख्या 0627 के तहत मामला दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धारा 206, 115/2, 351/2, 118/1, मामला संज्ञान में लिया है।

### दो पक्षों में मारपीट

**गोटेगांव।** विगत दिवस पुलिस थाना गोटेगांव के तहत नगरपालिका सीमा इलाके में मौजूद बिलवार के बगीचा में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। पुलिस ने दोनों पक्ष के सदस्यों की रिपोर्ट पर काउंटर मामला दर्ज किया है। पहला मामला हेंमत चक्रवती की रिपोर्ट पर बिल्ली उर्फ गणेश प्रजापति के खिलाफ धारा 118 के तहत मामला दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि अपने हाथ में रखे चाकू से मारपीट की घटना करके चोट पहुंचाई गई है। वहीं बिल्ली उर्फ गणेश प्रजापति की रिपोर्ट पर हेमंत चक्रवती के खिलाफ धारा 296 के तहत प्रकरण कायम किया है। जिसमें कहा गया कि गालियां देने के साथ मारपीट करके चोट पहुंचाई गई।

### महिला की मौत

**गोटेगांव।** समीपवर्ती पुलिस थाना मुंगवानी के खापाशेढ़ गांव में एक महिला कलाबाई रजक 55 साल की सर्पदंश से इलाज दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस से डायरी आने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### चोरों ने जेवर नगद, मोबाइल पर किया हाथ साफ

**गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम बगासपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखी पेटी से सोने का हार 3 तोला, झुमकी 1.5 तोला, चांदी की पायल-बिछिया, 55,000 नगद और मोबाइल फोन चोरी करके फरार हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम बगासपुर निवासी उजयार पटेल (50 वर्ष) पुत्रीशाला मोहल्ला में रहते हैं। रात में घर में घुसे चोरों ने पेटी का ताला तोड़कर कीमती गहने व नकदी पर हाथ साफ किया। चोरी हुआ मोबाइल का नंबर 8817763327 बताया गया है। घटना की शिकायत पीड़ित ने गोटेगांव थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। चोरी की वारदात से गांव में दहशत का माहौल है।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा कल से



**तेंदूखेड़ा।** भगवान बांके बिहारी जी पुण्य सलिला मां नर्मदा की कृपा से समीपी ग्राम मनकापुर में कल 10 सितंबर से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन भागवतोपासक पं रामनाथ जी शास्त्री के मुखारविंद से दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की जायेगी।17 सितंबर को भंडारे के साथ कथा का विश्राम होगा।आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

विनती करते रहे किसान, गधा हिलाता रहा कान

# गधों ने भी नहीं सुनी किसानों की समस्या





### डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में अन्नदाता की स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। किसानों की समस्याओं को सुनने व समझने के लिए कोई तैयार नही है। प्रशासनिक अधिकारी, नेता, सांसद, मंत्रियों को व्यथा सुनाने के बाद किसानों अपनी पीड़ा गधों को सुनाने की भी कोशिश की गई लेकिन गधों ने भी किसानों की समस्याओं को नही सुना। किसानों का कहना है कि हमारी पीड़ा कोई सुनने समझने के लिए तैयार ही नही है। जिला कृषि प्रधान जिला है तथा जिले के उत्पादों को पूरे देश तथा विदेशों मे भी विक्रय किया जाता है। किसानों की मेहनत के कारण जिले को जीआई टैग भी प्राप्त हुआ है। जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी मजबूत है। राजनीतिक रूप से भी जिले की यश और कीर्ति स्थापित है। जिले से दो मंत्री प्रदेश सरकार मे है एवं जिले के चारों विधायक और दो सांसद भी सरकार में है। लेकिन किसानों की स्थिति ये बनी हुई है कि उनकी कोई सुनने वाला नही है। ज्ञापन देने पहुंचे किसानों की सोमवार को तो गधों ने भी सुनने में आनाकानी कर दी। किसान अपनी पीड़ा सुनाते रहे और गधे कान हिलाते हुए इधर उधर भागते रहे।

### मामला इस प्रकार

सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे किसाना द्वारा प्रशासन को ज्ञापन देने के पूर्व गधों को भी अपनी पीड़ा सुनाने की कोशिश की गई लेकिन इधर किसान अपनी पीड़ा सुनाता रहा उधर गधा कान हिलाता रहा। किसानों का कहना है कि जिले मे उनकी कोई सुनने वाला नही है किसानों द्वारा डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रवादी किसान आर्मी के सदस्यों ने विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि शीघ्र ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो वह भोपाल धरना प्रदर्शन करेंगे।

### ये रही मांगे

राष्ट्रवादी किसान आर्मी के सदस्यों ने डिप्टी कलेक्टर महेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि जिले के अनेक किसानों ने लंबी-लंबी लाइनों में लगकर मूंग की तुलाई के लिए स्लॉट प्राप्त करने का प्रयास किया, लेकिन स्लॉट की तिथि समाप्त हो गई। बावजूद इसके उनकी मूंग वेयरहाउस में जमा है और पावती संलग्न है। ऐसे किसानों के लिए विल बनवाकर पोर्टल खुलवाने की मांग की गई है ताकि उनका भुगतान समय पर हो सके साथ ही, जिन किसानों का पक्का बिल बन जाने के बावजूद तुलाई केंद्र पर महीनों बाद भी बकाया भुगतान नहीं हुआ है, उनके भुगतान को तत्काल जारी करने की मांग की गई। किसानों ने कहा कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे भोपाल मुख्यालय जाकर मुख्यमंत्री निवास के सामने बैठकर अनशन करने को बाध्य होंगे। इसके अलावा ज्ञापन में यूरिया और डीएपी की नगद बिक्री गांव-गांव समितियों से पुनः प्रारंभ कराने की मांग की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि खुले बाजार में इन खादों की बिक्री से कालाबाजारी बढ़ रही है।

### किसानों की समस्याएं नही हो रही कम

जिला कृषि प्रधान है जिले की सर्वाधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। एशिया की सबसे उपजाउ भूमि भी जिले मे है प्रदेश से लेकर देश भर मे जिला उपज व कृषि के लिए मशहूर है कृषि के क्षेत्र मे ख्याति दिलाने वाले जिले के किसानों की स्थिति यह है कि वह अपनी समस्याओं को लेकर दर भटक रहा है। किसानों का कहना है कि हमारी ना तो अधिकारी सुनते है ना ही नेता सुनते है और ना आज गधे ने हमारी पीड़ा सुनी है। ज्ञात हो कि बीते लंबे समय से जिले का किसान परेशान बना हुआ सरकार व प्रशासन द्वारा किसनों की समस्याओं का स्थाई हल नही निकाला जा रहा है।

## जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को शासकीय जिला अस्पताल में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में फिजियोथेरेपी के माध्यम से स्वास्थ्य सुधार और दर्द से राहत दिलाने के उपायों पर विशेष जानकारी दी गई।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को फिजियोथेरेपी के महत्व और उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। जिला अस्पताल की फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. आरती शर्मा ने बताया कि समय पर इलाज और सही जीवनशैली अपनाकर न केवल कमर, घुटनों और गर्दन के दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है, बल्कि एक स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण जीवन भी जिया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को कमर दर्द के लिए बेल्ट, घुटने और गर्दन दर्द के लिए पट्टे, डाइक्लो जेल और दर्द निवारक ट्यूब प्रदान की साथ ही उन्हें एक्सरसाइज की पर्ची भी दी ताकि वे घर पर सुरक्षित तरीके से उपचार कर सकें।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. मनीष मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. गुरुचरण चौरसिया, आरएमओ डॉ. राहुल नेमा सहित अन्य चिकित्सक और अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने फिजियोथेरेपी के माध्यम से मरीजों की जीवन गुणवत्ता सुधारने की दिशा में सामूहिक प्रयास करने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें सीधे तौर पर उपचार और मार्गदर्शन मिलने से राहत महसूस हुई। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस ने लोगों में जागरूकता फैलाने और समय रहते उपचार से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने का संदेश दिया।

## महावीर जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**तेंदूखेड़ा।** दस दिनों तक चले दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में दशलक्षण पर्व के समापन अवसर पर श्रीजी की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। वहीं नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन छोटे मंदिर में चंद्रप्रभु भगवान की आरती में श्री राम रसिया भक्त मंडल के सदस्यों ने पहुंचकर संगीतमय आरती में भाग लिया।

## ग्राम कोटवारों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले विभिन्न हल्का पटवारियों के द्वारा तहसीलदार एवं आर आई को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग की गई है कि शासन स्तर से उनकी मांगों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये।इनमें जामनपानी ग्राम की कोटवार मालती बाई का निधन हो जाने पर उनके वारसान को नियुक्त किया जाये। कोटवारों के खातों में वर्दी की राशि डाली जाए।ऐसे कोटवार जो वृद्ध हो जाने पर सेवा से मुक्त हो चुके हैं। उनके लिए शासन द्वारा घोषित एक लाख रुपए की राशि प्रदान किया जाये।नये कोटवारों के नाम से भूमी राजस्व भू अभिलेख में दर्ज कराई जाये।साथ ही जिन कोटवारों के द्वारा सीमांकन के लिए आवेदन किए गए हैं उनके सीमांकन करवाकर विधिवत कब्जा दिलाया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश चंद मुकेश विनोद वीरेंद्र विजय कमलेश शालिगराम ओमनारायण रामकुमार मनोज मेहरा तेजाबाई चढ़ार प्रमुख रुप से शामिल थे।

# अंधे कत्ल का नहीं लगा सुराग

### परिजनों को हत्या का संदेह एस पी को सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** विगत 30 जुलाई को तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खेरी कला निवासी पुरुषोत्तम पटेल का शव राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर एक वेयरहाउस के समीप नग्न अवस्था में खेत में पानी में डूबी हुई मिली थी । इसके पूर्व में परिजनों ने 28 जुलाई को पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शव मिलने के बाद से ही मृतक के परिजनों द्वारा घर से जो गांव के और भी लोग साथ लेकर गये थे। उन पर संदेह जताया है।एक साथ घर से जाना फिर केवल पुरुषोत्तम को वापिस ना लौटना परिजनों द्वारा बार पूछने साथ लेकर जाने कोई स्पष्ट जबाब ना देने मृतक के कपड़े मोबाइल और मोटरसाइकिल दूर खड़ी मिलना कई प्रकार के संदेहों को जन्म दिया जा रहा है। परिजनों द्वारा पुलिस को तत्काल नाम सहित हत्या का मामला दर्ज करने के लिए कहा भी था लेकिन अभी तक कोई उचित जांच ना होने की स्थिति में आरोपी खुले आम घूमने को लेकर पिछले दिनों एस पी कार्यालय जाकर उचित जांच की मांग की गई है।

# बस संचालकों के सामने पुलिस आरटीओ व नगर पालिका प्रशासन नतमस्तक

### लाखों का बना नया बस स्टैंड फांक रहा धूल, जर्जर हालत की कगार पर




**गोटेगांव।** नगर में बस स्टैंड की सौगात तो मिली ही है लेकिन उस सौगात पर चांद ना लग जाए यह शायद बस संचालकों की मनसा है जी हां यदि बस स्टैंड चालू होता है तो रोजगार के भी अनेकों अवसर बेरोजगार युवाओं को मिल सकते हैं लेकिन सरकार की वह बिल्डिंग धूल मिट्टी फांक रही है और वह बिल्डिंग इंतजार कर रही हैं कि हमारा कोई तो रंग रोगन कर दे लेकिन यह प्रशासनिक नुमांइदों की नुमाएंगी का हाल तो देखिएं जब इनको फुर्सत ही नहीं है या काहे की बस संचालकों को यह मना नहीं पा रहे हैं कहीं ना कहीं प्रशासन की नाकामी सामने आ रही है

### बिगड़ी यातायात व्यवस्था

बस स्टैंड होने के बावजूद भी बसें बस स्टैंड पर नहीं खड़ी हो रही है और जहां मनमर्जी आती है बीच रोड़ पर बस खड़ी हो जाती है और सवारियां बिठलाती है जिससे नगर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है हाल तो यहां तक है कि यहां पर गोटेगांव में चार अस्थाई बस स्टैंड स्थानों पर बस रूकती है पहले पुराना बस स्टैंड दूसरा ठाकुर बाबा तीसरा नया बस स्टैंड के सामने चौथ बाईपास चौराहे पर और फिर जहां मनमर्जी लगे वहां से सवारी बैठा लेते हैं

### अनेकों बार पुलिस प्रशासन चला चुका है मुहिम

हालांकि कई बार पुलिस प्रशासन मुहिम तो चला चुका है लेकिन कहीं ना कहीं यह मुहिम जमीन स्तर पर नहीं आ पाई है और बस स्टैंड को चालू करने के लिए बस संचालकों की बैठक भी थाना प्रभारी द्वारा ली गई लेकिन आज वर्तमान स्थिति में भी नया बस स्टैंड चालू नहीं हो सका इससे साफ नजर आता है कि बस संचालकों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन उनके सामने नतमस्तक है

### गंदगी का लगा अंबर

नए बस स्टैंड में गंदगी का अंबार लगा हुआ है नाही इसकी देखरेख हो रही है और प्रशासन के लाखों रुपए से बनी बिल्डिंग धूल मिट्टी खाने के साथ-साथ जर्जर हालत में पहुंचने की कगार पर है।

### सार्वजनिक कार्यक्रमों के उपयोग में आ रहा है

बस स्टैंड सार्वजनिक कार्यक्रमों तक ही सीमित रह गया है और यहां पर सार्वजनिक कार्यक्रमों को किया जाता है साथ ही साथ अपने निजी वाहनों को भी यहां पर खड़ा कर दिया जाता है

### बस यात्रियों की प्रशासन से मांग

बस यात्रियों का कहना है कि व्यवस्थित स्थाई बस स्टैंड ना होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जैसे की सुलभ व्यवस्था हो चाहे फिर या यात्री प्रतीक्षालय या अपनी व्यवस्था यहां से वहां भटकते हुए बस का इंतजार करना पड़ता है नगरीय प्रशासन को इस और ध्यान आकर्षित कर जितने भी अस्थाई बस स्टैंड है उनको अलग कर लाखों के बने स्थाई बस स्टैंड को सुचारू रूप से चालू कराया जाए।

### इनका कहना

मैंने पूर्व में थाना गोटेगांव को कहा था और बल्कि उनके द्वारा पुलिस थाने में बस संचालकों की बैठक ली गई थी और बस संचालकों को समझाया था अगर ऐसा है की स्थाई बस स्टैंड में बसें खड़ी ना करके नगर की मुख्य सड़कों पर बसें खड़ी कर सावरिया बिठा रहे हैं तो कार्यवाही की जाएगी।

**एस.डी.एम देवंती परते, गोटेगांव**

## 113वां भव्य विमान उत्सव समारोह एवं शोभा यात्रा का हुआ आयोजन



**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम देवनगर पुराना में राजपूत समाज के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष एकादशी से अनंत चतुर्दशी तक विमान उत्सव समारोह का आयोजन किया किया गया जिसमें एकादशी के दिन श्री कृष्ण भगवान के मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई तत्पश्चात राजपूत समाज के द्वारा देवनगर मंडल के राजपूत समाज के विमान स्थल पर विमान विराजित किए गए ,जिसमें प्रतिदिन आरती,पूजन, भजन एवं भव्य कार्यक्रमों का आयोजन समाज के सहयोग से किया गया ,द्वादशी के दिन दमोह से आए हुए कलाकारो ने भजनों के माध्यम से ग्राम के आसपास से आए हुए सम्मानित और प्रतिष्ठितजनों को श्री बांके बिहारी की भक्ति से अभीभूत किया, वहीं श्री कृष्ण ड्रामा कंपनी के द्वारा ड्रामा प्रस्तुत किया गया आज के इस मोबाइल और इन्टरनेट के युग में अपनी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करते हुए कंपनी के कलाकार एवं श्री कृष्ण विमान उत्सव समिति ग्राम और ग्राम के आसपास के लोगों सांस्कृतिक मूल्यो से जोड़कर रखे हुए हैं, नवयुवक मंडल के युवकों के द्वारा प्रतिदिन महाप्रसाद का वितरण किया गया, अनंत चतुर्दशी के पावन दिन पुनः शोभा यात्रा निकालकर भगवान अपने मंदिर में विराजित हुए। विमान उत्सव समारोह में लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश के साथ साथ अन्य जनप्रतिनिधि एवं आस पास के वरिष्ठ एवं सम्माननीय जनों ने श्री बांके बिहार का आशीर्वाद लिया विमान उत्सव को सफल बनाने में श्री कृष्ण विमान उत्सव समिति के संरक्षक नारायणसिंह मोहरी, देवीसिंह तोमर अध्यक्ष सुरेंद्र सिसोदिया, उपाध्यक्ष विजय सिंह सिसोदिया, नरेंद्र मोहरी सचिव संतोष सिंह सिसोदिया, हरिशंकर सिंह सहसचिव अजय सिंह,सीताराम सिंह संगठन मंत्री राजेश सिंह, रविकांत सिंह एवं नवयुवक राजपूत समाज संगठन का विशेष सहयोग रहा! इस अवसर पर श्रद्धालु बंधु ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे !

# संस्कारधानी में ऐतिहासिक क्षण पूज्य शंकराचार्यजी का चातुर्मास व्रत पूर्ण

**गोटेगांव। स्थित परमहंसी गंगा आश्रम आज भक्ति, भजन और आध्यात्मिकता से सराबोर रहा। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में भक्तगणों ने भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। कथा के पश्चात विधि-विधान से पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने परिवार सहित भाग लेकर अपने जीवन को धन्य माना। कथा पूर्ण होने के पश्चात पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने मां भगवती एवं ब्रह्मलीन गुरुदेव की समाधि स्थल पर दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम परिसर मंत्रोच्चार, भजन और श्रद्धा की उमंग से गूंज उठा।**



### पूज्य शंकराचार्य जी सीमा उल्लंघन के लिए हुए रवाना

संस्कारधानी जबलपुर की पावन धरा और मां नर्मदा के तट पर आज अलौकिक दृश्य देखने को मिला। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का चार महीने का चातुर्मास व्रत विधिपूर्वक पूर्ण हुआ। प्रातः 8:00 बजे परंपरानुसार सीमा उल्लंघन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया, जिसमें वेद-मंत्रों की गूंज और भक्तों का उल्लास वातावरण को अद्वितीय बना रहा।

### चातुर्मास की साधना और जनजागरण

परमहंसी गंगा आश्रम में चार माह तक चातुर्मास व्रत करते हुए पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने श्रोताओं को श्रीरामकथा, शिवमहापुराण, वेद-उपनिषद एवं संत वाङ्मय के अमृतरस से तृप्त किया। उनके प्रवचनों ने हजारों श्रद्धालुओं के जीवन में धर्म, संस्कार और आत्मचिंतन की ज्योति जगाई।

### सीमा उल्लंघन का महत्व

सनातन परंपरा के अनुसार चातुर्मास के दौरान दंडी सन्यासी एक ही स्थान पर रहकर साधना करते हैं। व्रत की पूर्णता पर नदी अथवा सरोवर के तट पर जाकर सीमा उल्लंघन किया जाता है, जिससे पुनः भ्रमण और जनसेवा का क्रम आरंभ होता है। मां नर्मदा की धारा के समीप यह परंपरा आज सजीव हुई।

### शंकराचार्य जी का आशीर्वचन

व्रत पूर्णता पर पूज्य शंकराचार्य जी ने कहा चातुर्मास साधना का काल है। इन चार महीनों में आत्मसंयम, जप-तप और शास्त्रचिंतन से मनुष्य अपने जीवन को शुद्ध करता है। मां नर्मदा की कृपा से जो साधना सम्पन्न हुई है, उसका फल जनकल्याण और धर्मरक्षा में लगेगा।

### भक्तों का भावविभोर संगम

सीमा उल्लंघन के इस अवसर पर दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आचमन कर गुरु चरणों में नमन किया। अनेक श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताया। वातावरण में भजन, घंटा-घड़ियाल और वैदिक मंत्रों की गूंज ने कार्यक्रम को दैवीय आभा प्रदान की।

### संस्कारधानी का गौरव

जबलपुर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान आज और प्रखर हुई जब जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज का चातुर्मास व्रत पूर्णता को पहुँचा। यह आयोजन केवल धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि सनातन धर्म की जीवंत परंपराओं का साक्षात उत्सव बन गया।